## उद्यमियों के लिए कुछ बड़ी घोषणाएं संभव, लोकभवन में होगा कार्यक्रम

# योगी आज निवेशकों को 1300 करोड़ की प्रोत्साहन राशि बांटेंगे

**सौगात**

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को 32 से ज्यादा निवेशकों को 1300 करोड़ रुपये के इंसेंटिव बांटेंगे। इन निवेशकों का यह इंसेंटिव उद्योग लगाने पर मिलने वाली रियायतों की प्रतिपूर्ति के रूप में मिलेगा। इन कंपनियों की औद्योगिक परियोजनाएं चालू हो गई हैं और उत्पादन शुरू हो गया है।

लोकभवन में होने वाले इस आयोजन में मुख्यमंत्री उद्यमियों के लिए कुछ घोषणाएं कर सकते हैं। इस इंसेंटिव में सबसे ज्यादा 594.84 करोड़ रुपये की रकम सैमसंग नोएडा को मिलेगी। आरसीपीएल रायबरेली को 128 करोड़, वरुण बेबरेज हरदोई को 96 करोड़ से ज्यादा की रकम मिलेगी। श्रीसीमेंट बुलंदशहर को 41.74 करोड़, गैलेंट इस्पात गोरखपुर को 24.22 करोड़, पसवारा पेपर मेरठ को 13.15 करोड़, स्पर्श इंडस्ट्री कानपुर देहात को 9.68 करोड़ दिए जाएंगे जबकि एलजी इंडिया नोएडा को 11.85 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। इन कंपनियों ने मेगा परियोजनाएं राज्य के विभिन्न हिस्सों में लगाई हैं। इन परियोजनाओं में सबसे ज्यादा 600 लोगों को रोजगार एचएल एग्रो मेगा परियोजना में मिलेगा जो कानपुर देहात में 500 करोड़ का निवेश कर रही है। अशोक लीलैंड लखनऊ में इलेक्ट्रिक व्हीकल निर्माण का प्लांट लगा रहा है। इसमें 186 करोड़ का निवेश पहले चरण में होगा और 500 लोगों को रोजगार मिलेगा।



### दस हजार करोड़ के लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी होंगे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 28 परियोजनाओं के लिए 10,000 करोड़ के लेटर आफ कम्फर्ट भी निवेशकों को बांटेंगे। यह परियोजनाएं इस समय क्रियान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। इन कंपनियों ने यूपी सरकार के साथ अपनी परियोजना लगाने के लिए एमओयू किया था। इसके बाद इनमें अधिकांश ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरमनी में परियोजनाओं का शिलान्यास भी कराया।

### औद्योगिक व कॉमर्शियल प्लॉट आवंटित होंगे

लखनऊ। औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने 15 जिलों में औद्योगिक भूखंडों के आवंटन व 8 जिलों में व्यवसायिक भूखंडों के आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए 4 सितंबर को आवेदन जमा कराने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है जबकि मेगा ई-ऑक्शन को 13 सितंबर को ऑनलाइन लिंक के जरिए पूरा किया जाएगा। यह प्लाट अमेठी, बरेली, बाराबंकी, जालौन, मुरादाबाद, मथुरा, व प्रयागराज में आवंटित होंगे। इसी तरह वहीं, मेगा ई-ऑक्शन के जरिए अमेठी, अमरोहा, बांदा, हमीरपुर, हरदोई, जालौन, कानपुर देहात, मथुरा, मैनपुरी, मुजफ्फरनगर, संभल, शाहजहांपुर, उन्नाव, सहारनपुर व वाराणसी भूखंड नीलामी के जरिए आवंटित होंगे।